BIHAR BOARD CLASS - X

2019

HINDI (हिन्दी)

द्वितीय पाली (Second Sitting)

समय: 3 घंटे 15 मिनट] [पूर्णांक : 100

खण्ड-अ (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

प्रश्न-संख्या 1 से 50 तक के प्रत्येक प्रश्न के साथ चार विकल्प दिये गये हैं , जिनमें से एक सही है। अपनी द्वारा चुने गये सही विकल्प को OMR शीट पर चिन्हित करें।

1. विष के दाँत पाठ की विधा है

(A) निबंध

(B) व्यक्तिचित्र

(C) कविता

(D) कहानी

2. विशेषण की विशेषता बतलाने वाले शब्द को कहते हैं

(A) क्रिया विशेषण

(B) सार्वनामिक विशेषण

(C) प्रविशेषण

(D) संज्ञा

3. हजारी प्रसाद द्विवेदी द्वारा रचित पाठ है

(A) नाखून क्यों बढ़ते हैं.

(B) बहादुर

(C) आविन्यों

(D) मछली

4. सेन साहब की कार की कीमत

(A) साढ़े सात हजार

(B) साढ़े आठ हजार

(C) साढ़े नौ हजार

(D) साढ़े सात लाख

5. परिमाणवाचक विशेषण है.

(A) सुंदर

(B) थोड़ा-सा

(C) चार

(D) पुराना

6. सेन साहब की आँखों का तारा है

(A) कार

(B) खोखा

(C) खोखी

(D) उपर्युक्त सभी

7. 'मोटर को कोई खतरा हो सकता है, तो .... से।"

(A) खोखा

(B) मदन

(C) सीमा

(D) शेफाली

8. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का जन्म .... ई० में हुआ।

(A) 1871

(B) 1881

(C) 1861

(D) 1891

9. नाखून प्रतीक है

(A) पाशवी वृत्ति का

(B) मानवता का

(C) प्रेम का

(D) पौरुष का

10. निम्नलिखित में से संज्ञा का भेद है।

(A) पुरुषवाचक

(B) व्यक्तिवाचक

(C) संबंधवाचक

(D) निजवाचक

11. हिन्दी लिखी जाती है.

(A) देवनागरी लिपि में

(B) खरोष्ठी लिपि में

(C) गुजराती लिपि में

(D) ब्राहमी लिपि में

12. 'नागरी लिपि' पाठ के लेखक हैं।

(A) यतीन्द्र मिश्र

(B) गुणाकर मुले

(C) अमरकन्त

(D) 'अज्ञेय'

13. ईसा की चौदहवीं-पंद्रहवीं सदी के विजयनगर के शासकों ने अपने लेखों की लिपि को कहा है

(A) नंदिनागरी

(B) देवनागरी

(C) गुजराती

(D) ब्राह्मी

14. जातिवाचक संज्ञा का उदाहरण नहीं है

(A) गाय

(B) नदी

(C) शहर

(D) विवेकानंद

15. बारहवीं सदी के केरल के शासकों के सिक्कों पर 'वीरकेरलस्य' जैसे शब्द 'लिपि में अंकित है।

(A) ब्राह्मी

(B) खारोष्ठी

(C) गुजराती

(D) देवनागरी

16. बहादुर कहाँ का रहने वाला था ?

(A) बिहार

(B) उतरप्रदेश

(C) नेपाल

(D) भूटान

17. बहादुर का पूरा नाम है

(A) दिलबहादुर

(B) शेख बहादुर

(C) बहादुर प्रसाद

(D) बहादुर पंडित

18. सर्वनाम के भेद हैं

(A) पाँच

(B) चार

(C) तीन

(D) दो

19. इबादत का अर्थ है

(A) उपासना

(B) इठलाना

(C) ईट

(D) ईख

20. कविता नहीं है

(A) आन्वियों

(B) स्वदेशी

(C) हमारी नींद

(D) भारतमाता

21. 'राम नाम बिनु विरथे जगि जनमा' यह पंक्ति .... की है।

(A) गुरुनानक

(B) रसखान

(C) घनानंद

(D) प्रेमघन

22. पुरुषवाचक सर्वनाम का भेद नहीं है

(A) उत्तम पुरुष

(B) मध्यम पुरुष

(C) अन्य पुरुष

(D) निश्चयवाचक

23. प्रगतिशील साहित्य का संबंध है।

(A) बौद्ध दर्शन से

(B) वेदान्त दर्शन से

(C) मार्क्स के विचारों से

(D) इनमें से कोई नहीं

24. रामविलास शर्मा का जन्म .... ई० में हुआ।

(A) 1908

(B) 1909

(C) 1911

(D) 1912

25. कर्मधारय समास है

(A) चतुर्भुज

(B) ऋषिपुत्र

(C) चन्द्रमुख

(D) वनवास

26. बिरजू महाराज का संबंध है

(A) बाँसुरी वादन से

(B) तबला वादन से

(C) कत्थक नृत्य से

(D) संतूर वादन से

27. बिरजू महाराज खुद को किसका शागीर्द मानते थे ?

(A) पिता का

(B) माँ का

(C) मामा का

(D) भाई का

28. कहानी है

(A) नाखून क्यों बढ़ते हैं

(B) बहादुर

(C) नौबतखाने में इबादत

(D) परंपरा का मूल्यांकन

29. 'अज्ञेय' का पूरा नाम है

(A) सच्चिदानंद 'अज्ञेय'

(B) वात्स्यायन 'अज्ञेय'

(C) हीरानंद 'अज्ञेय'

(D) सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन 'अज्ञेय'

30. कर्मधारय समास नहीं है

(A) कमलनयन

(B) चवन्नी

(C) नीलांबर

(D) कृष्ण सर्प

31. हिन्दी कविता में प्रयोगवाद का सूत्रपात किया

(A) महादेवी वर्मा ने

(B) राम इकबाल सिंह 'राकेश' ने

(C) दिनकर ने

(D) 'अज्ञेय' ने

32. द्वितीय विश्वयुद्ध में परमाणु बम .... पर गिराया गया।

(A) जापान

(B) फ्रांस

(C) रूस

(D) चीन

33. आविन्यों किस देश में है?

(A) रूस

(B) फ़्रांस

(C) जर्मनी

(D) स्वीट्जरलैंड

34. लेखक के पिता ने कितनी मछलियाँ खरीदी ?

(A) एक

(B) दो

(C) तीन

(D) चार

35. 'जहाँ' दोनों पद प्रधान हो, वहाँ ...... समास होगा।

(A) दिगु

(B) कर्मचारय

(C) तत्पुरुष

(D) द्वंद्व

36. लेखक अपने पिता से क्या माँगना चाहता था ?

(A) खिलौने

(B) किताब

(C) पैसे

(D) मछली

37. 'सुधिर वाद्यों में शाह की उपाधि प्राप्त है।

(A) तबला को

(B) बाँसुरी को

(C) ढोलक को

(D) शहनाई को

38. 'बिस्मिल्ला खाँ' का संबंध है

(A) बाँसुरी से

(B) हारमोनियम से

(C) तबला से

(D) शहनाई से

39. विद्यालय' की संधि-विच्छेद है

(A) विद्या + आलय

(B) विद्य + आलय

(C) विद्या + लय

(D) विद्य + लय

40. संधि के भेद हैं

(A) तीन

(B) चार

(C) पाँच

(D) सात

41. 'ज्योतिर्मय' उदाहरण है .... का।-

(A) स्वर संधि

(B) व्यंजन संधि

(C) विसर्ग संधि

(D) समास

42. 'धरती कब तक घूमेगी' पाठ के लेखक हैं?

(A) साँवर दइया

(B) सुजाता

(C) श्रीनिवास

(D) सातकौड़ी होता

43. 'ढ़हते विश्वास' कहानी की प्रमुख पात्र हैं

(A) मंगम्मा

(B) सीता

(C) लक्ष्मी

(D) पाप्पाति

44. 'अनुज' शब्द में उपसर्ग है

(A) अ

(B) अनु

(C) ज

(D) अन्

45. 'पाप्पाति .... कहानी की पात्र है।

(A) ढहते विश्वास

(B) नगर

(C) धरती कब तक घूमेगी

(D) माँ

46. बाढ़ की समस्या .... कहानी के केन्द्र में है।

(A) माँ

(B) ढहते विश्वास

(C) नगर

(D) धरती कब तक घूमेगी:

47. 'गुणवान' शब्द में प्रत्यय है।

(A) आन

(B) न

(C) गुण

(D) वान

48. मंगु जन्म से .... था।

(A) पागल

(B) चंचल

(C) अंधी

(D) गूंगी

49. लक्ष्मी का पति .... में नौकरी करता था।

(A) मुंबई

(B) दिल्ली

(C) जयपुर

(D) कलकत्ता

50. शुद्ध वाक्य है

(A) देश में सर्वस्व शांति है।

(B) रोटी ताजी है।

(C) मैं मेरा काम करूँगा।

(D) आज की ताजा खबर ।

खण्ड-व (विषयनिष्ठ प्रश्न)

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न दो अंकों का होगा।

(क) 21 अक्टूबर 1833. ई. को स्वीडन के स्टॉकहोम में पिता इमानुएल एवं माता कैरोलीन ऐनड्रिटा आलसिल के आंगन में अल्फ्रेड नोबेल का जन्म हुआ। यह शैशवावस्था से ही बहुत कमजोर थे। सर्दी-जुकाम से, बुखार से हमेशा पीड़ित रहते थे। मन से भी वह भावुक थे। इन सबके बीच कुछ कर 'गुजरने का जज्बा उनमें भरा था। उनके इसी जज्बे

ने विश्व को डायनामाइट दिया। एक बार टपक रही नाइट्रोग्लिसरीन पर उनकी नज़र पड़ी जो टपकने के साथ रेत पर जमती जा रही थी। उन्होंने उसी के आधार पर डायनामाइट का आविष्कार कर दिया। उन्होंने अपने इस आविष्कार का पेटेंट करवाया। कारखाना खोलने के लिए अनेक देशों को पत्र लिखे परन्तु खतरनाक विस्फोटक होने के कारण किसी ने सहायता नहीं की। अंततः फ्रांस के तत्कालीन सम्राट नेपोलियन तृतीय ने स्वीकृति दे दी। कलांतर में कई देशों में इसकी फैक्ट्रियों खुल गयीं। इससे उनके पास अकूत संपत्ति अर्जित हो गयी। अपनी मृत्यु से पूर्व इन्होंने अपनी अपार धनराशि का बड़ा भाग 25 लाख पौंड़ की वसीयत कारों के लिए निर्धारित कर दी। उनकी मृत्यु के पश्चात् 10 दिसंबर 1901 को उनकी बरसी पर पहली बार नॉबेल फाउंडेशन ने पांच पुरस्कार दिए। ये पुरस्कार भौतिकी, रसायन, चिकित्सा, साहित्य व शांति के क्षेत्र में विशिष्ट कार्य करने वालों को दिये गये।

निम्नांकित प्रश्नों के उत्तर दें-

(i) अल्फ्रेड नोबेल का जन्म कब और कहाँ हुआ ?

(ii) अल्फ्रेड नोबेल ने डायनामाइट का आविष्कार कैसे किया ?

(iii) अल्फ्रेड को कारखाना लगाने की अनुमति क्यों नहीं मिल पा रही थी ?

(iv) सर्वप्रथम डायनामाइट का कारखाना किस देश में खुला ?

(v) नोबेल पुरस्कार की शुरूआत कब हुई? किन-किन क्षेत्रों में यह पुरस्कार दिए जाते हैं?

अथवा

(ख) निःस्वार्थ भाव से पीड़ित मानवता की सेवा सबसे बड़ा धर्म है, उपकार है। व्यक्ति परोपकार कई प्रकार से कर सकता है। हम आर्थिक रूप से या उसके माध्यम से दूसरों का हित कर सकते हैं। भूखे को रोटी खिला सकते हैं। नंगे का तन ढँक सकते हैं। धर्मशालाएँ बनवा सकते हैं। यदि हम धन से वंचित हैं, तो तन मन से भी दूसरों की भलाई कर सकते हैं। निरक्षरों को शिक्षा का दान दे सकते हैं, उन्हें साक्षर बना सबसे हैं। यदि देखा जाए तो यही सच्चा दान है। इससे हम अपने और परिवार के लिए कुछ सुख-शांति प्राप्त कर सकते हैं। इसके सिवा शारीरिक शक्ति द्वारा भी परोपकार किया जा सकता है। भूले भटके को राह दिखा सकते हैं। प्यासे को पानी पिला सकते हैं। अबलाओं की रक्षा कर सकते हैं।

https://www.bihartopper.com

निम्नांकित प्रश्नों के उत्तर दें-

(i) परोपकार किसे कहते हैं?

(ii) परोपकार किस प्रकार किया जा सकता है ?

(iii) सच्चा दान क्या है?

(iv) सुख-शांति प्राप्त करने का मुख्य साधन क्या है ?

(v) बिना आर्थिक सहायता के परोपकार किस प्रकार किया जा सकता है ?

2. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न दो अंकों का होगा।

(क) अपने जीवन के अंतिम वर्षों में डॉ. सच्चिदानन्द सिन्हा की उत्कट अभिलाषा थी कि सिन्हा लाइब्रेरी के प्रबन्ध की उपयुक्त व्यवस्था हो जाए। ट्रस्ट पहले से मौजूद था लेकिन आवश्यकता यह थी कि सरकारी उत्तरदायित्व भी स्थिर हो जाए। ऐसा मसविदा तैयाद करना कि जिसमें ट्रस्ट का अस्तित्व भी न टूटे और सरकार द्वारा संस्था की देखभाल और पोषण की भी गारंटी मिल जाए, जरा टेढ़ी खीर थी। एक दिन एक चाय पार्टी के दौरान सिन्हा साहब मेरे (जगदीश चन्द्र माथुर) पास चुपके से आकर बैठ गये। सन् 1949 की बात है। मैं नया नया शिक्षा सचिव हुआ था, लेकिन सिन्हा साहब की मौजूदगी मे मेरी क्या हस्ती ? इसलिए जब मेरे पास बैठे और जरा विनीत स्वर में उन्होंने सिन्हा लाइब्रेरी की दास्तानं कहनी शुरू की तो मैं सकपका गया। मन में सोचने लगा कि जो सिन्हा साहब मुख्यमंत्री शिक्षामंत्री और गवर्नर तक कैस आदेश के स्वर में सिन्हा लाइब्रेरी जैसी उपयोगी संस्था के बारे में बातचीत कर सकते हैं, वह मुझ जैसे कल के छोकरे को क्यों सर चढ़ा रहे हैं। उस वक्त तो नहीं किन्तु बाद में गौर करने पर दो बातें स्पष्ट हुई। एक तो यह कि मैं भले ही समझता रहा हूँ कि मेरी लल्लो चप्पो हो रही है, किन्तु वस्तुतः उनका विनीत स्वर उनके व्यक्तित्व के उस साधारणतया अलक्षित और आर्द्र पहलू की आवाज थी, जो पुस्तकों तथा सिन्हा लाइब्रेरी के प्रति उनकी भावुकता के उमड़ने पर ही मुखारित होता था ।

निम्नांकित प्रश्नों के उत्तर दें-

(i) सिन्हा साहब लाइब्रेरी के लिए कैसा मसविदा तैयार करना चाहते थे ?

(ii) माथुर साहब क्यों सकपका गये?

(iii) सिन्हा साहब किसके साथ और किसलिए आदेशात्मक स्वर में बार कर सकते थे?

(iv) माथुर साहब जिले लल्लो-चप्पो समझते थे, वह वास्तव में क्या था ?

(v) कब और कौन नये-नये शिक्षा सचिव हुए थे?

अथवा

(ख) अब्दुर्रहीम खानखाना का जन्म 1553 ई. में हुआ था। इनकी मृत्यु सन् 1625 ई. में हुई। ये अरबी फारसी और संस्कृत के विद्वान थे ही, हिन्दी के विख्यात कवि थे। वे सम्राट अकबर के दरवार के नवरत्नों में थे। उनमें हिन्दी के एक अन्य प्रसिद्ध कवि गंग भी थे। रहीम कवि अकबर के प्रधान सेनापति और मंत्री थे। इन्होंने अनेक युद्धों में भाग लिया था। युद्ध में सफलता प्राप्ति के कारण अकबर ने उनहें जागीर में बड़े-बड़े सूबे दिए थे। रहीम बड़े परोपकारी और दानी भी थे। इनके हृदय में दूसरे कवि के लिए बड़ा सम्मान का भाव रहता था। गंग कवि के एक छप्य पर रहीम ने उन्हें छत्तीस लाख रुपये दे दिए थे। जब तक रहीम के पास सम्पत्ति थी तब तक वह दिन खोलकर दान देते रहे। रहीम की काव्य उक्तियाँ बड़ी मार्मिक हैं, क्योंकि वे हृदय से स्वाभाविक रूप से निःसृत हुई हैं।

निम्नांकित प्रश्नों के उत्तर दें-

(i) रहीम का जन्म और मृत्यु कब हुआ था?

(ii) रहीम किन विषयों के विद्वान तथा किसके प्रसिद्ध कवि थे?

(iii) रहीम बड़े परोपकारी और दानी थे। कैसे?

(iv) किनकी काव्य उक्तियाँ मार्मिक हैं और क्यों ?

(v) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दें।

3. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत- विंदुओं के आधार पर लगभग 250-300 शब्दों में निबंध लिखें।

(क) प्रदूषण :

(i) भूमिका

(ii) प्रदूषण के प्रकार

(iii) प्रदूषण के कारण

(iv) प्रदूषण से निदान

(v) निष्कर्ष

(ख) वृक्षारोपण :

(i) भूमिका

(ii) वृक्ष का महत्त्व

(iii) वृक्ष से लाभ

(iv) वृक्षों की अंधाधुंध कटाई से हानि

(v) निष्कर्ष

(ग) संचार क्रांति :

(i) भूमिका

(ii) संचार क्रांति का स्वरूप

(iii) संचार क्रांति से लाभ

(iv) संचार क्रांति से हानि

(v) निष्कर्ष

(घ) भ्रमण का महत्त्व :

(i) भूमिका

(ii) भ्रमण का महत्त्व

(iii) भ्रमण का शैक्षिक महत्त्व

(iv) निष्कर्ष

(ङ) दीपावली :

(i) भूमिका

(ii) दीपावली का महत्त्व

(iii) दीपावली का प्रारंभ

(iv) निष्कर्ष

4. पैसे के लिए अपने पिता के पास एक पत्र लिखिए।

अथवा

प्रदूषण की समस्या को केन्द्र में रखते हुए दो मित्रों के बीच संवाद लिखें।

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर लगभग 20-30 शब्दों में दें।

(क) रंगप्पा कौन था? वह मगम्मा से क्या चाहता था?

(ख) सीता अपने ही घर में क्यों घुटन महसूस कर रही थी ?

(ग) लेखक ने नया सिकन्दर किसे कहा है और क्यों ?

(घ) नाखून बढ़ने का प्रश्न लेखक के सामने कैसे उपस्थित हुआ?

(ङ) बहादुर ने लेखक का घर क्यों छोड़ दिया ?

(च) भारतमाता का ह्रास भी राहुग्रसित क्यों दिखाई पड़ता है?

(छ) कवि अपने आँसुओं को कहाँ पहुँचाना चाहता है?

(ज) हरिरस से कवि का क्या आशय है?

6. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए। (शब्द सीमा लगभग 100 अंक)

(क) बिरजू महाराज के गुरु कौन थे ? संक्षिप्त परिचय दें।

(ख) निम्नलिखित पंक्तियों का भावार्थ लिखें-

भारतमाता ग्रामवासिनी

खेतों में फैला है श्यामल

धूलं भरा मैला-सा आँचल ।

https://www.bihartopper.com